भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **1167**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरक संयंत्र

1167. श्री रमेश चन्द्र कौशिक:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में सरकार के स्वामित्व वाले चालू उर्वरक संयंत्रों का हरियाणा के सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान उर्वरकों पर वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है; और
(ग) उक्त अवधि के दौरान उर्वरकों पर दी गई राजसहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(भगवंत खुबा)

(क): देश में सरकार के स्वामित्व वाले चालू उर्वरक संयंत्रों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

पीएसयू	इकाई	जिला	राज्य
नेशनल फर्टिलाइजर्स लि.	नंगल-II	रूपनगर	पंजाब
	बटिंडा	बटिंडा	पंजाब
	पानीपत	पानीपत	हरियाणा
	विजयपुर-I	गुना	मध्य प्रदेश
	विजयपुर-II	गुना	मध्य प्रदेश
फैक्ट	उद्योगमंडल	एर्णाकुलम	केरल
	कोचीन	एर्णाकुलम	केरल
राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लि.	थल	रायगढ़	महाराष्ट्र
	ट्रॉम्बे	मुंबई उपनगर	महाराष्ट्र
मद्रास फर्टिलाइजर्स लि.	चेन्नई	चेन्नई	तमिलनाडु
ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कारपोरेशन लि.	नामरूप-III	डिब्रूगढ़	असम

(ख) और (ग): विगत पांच वर्षों के लिए उर्वरकों पर किया गया व्यय/उर्वरकों पर दी गई सब्सिडी निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**उर्वरकों/सब्सिडी पर किया गया व्यय**
1.	2018-19	73435.21
2.	2019-20	83466.51
3.	2020-21	131229.50
4.	2021-22	157640.63
5.	2022-23	254798.88

****